भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 401
उत्तर देने की तारीख 05 फरवरी, 2024
सोमवार, 16 माघ, 1945 (शक)

**प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र**

**401.** श्री धनुष एम. कुमारः डॉ. डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस.:
श्री जी. सेल्वमः श्री कुलदीप राय शर्माः
श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे: श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले:
श्री सी.एन. अन्नादुरई: डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे:
श्रीमती मंजुलता मंडल: श्री गौरव गोगोई:
डॉ. सुभाष रामराव भामरेः

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तमिलनाडु, महाराष्ट्र, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, ओडिशा और असम राज्यों में प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के अंतर्गत कितने कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र कार्य कर रहे हैं;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान पीएमकेवीवाई के अंतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए नामांकित तमिलनाडु, महाराष्ट्र, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, बिहार के गोपालगंज जिले से युवाओं का ब्योरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने प्रशिक्षण देने के बाद युवाओं को दिए गए रोजगार अथवा नौकरियों के संबंध में कोई आंकड़े रखे हैं;

(घ) यदि हां, तो तमिलनाडु, महाराष्ट्र और ओडिशा का लिंग-वार और जिला-वार ब्योरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार द्वारा बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले युवाओं की स्थिति जानने के लिए यह आकलन किया जाता है जिन्हें रोजगार अथवा नौकरियां प्रदान की जाती हैं;

(च) यदि हां, तो सरकार बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों की संख्या में कमी लाने और उन्हें पुनः रोजगार प्रदान करने के लिए क्या कदम उठा रही है;

(छ) सरकार द्वारा पीएमकेवीवाई को पुनः रोजगार प्रदान करने के उद्देश्यों को प्राप्त करने में सफल बनाने के लिए क्या अन्य कदम उठाए गए हैं; और

(ज) विगत दो वर्षों के दौरान महाराष्ट्र में पीएमकेवीवाई 1.0 और पीएमकेवीवाई 2.0 और पीएमकेवीवाई 3.0 के अंतर्गत की गई कौशल विकास पहलों का ब्योरा क्या है?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री
(श्री राजीव चंद्रशेखर)

(क) भारत सरकार के स्किल इंडिया मिशन (सिम) के अंतर्गत कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) विभिन्न स्कीमों अर्थात प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई), जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस), राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन स्कीम (एनएपीएस) और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के माध्यम से शिल्पकार प्रशिक्षण स्कीम (सीटीएस) के अंतर्गत कौशल विकास केंद्रों/संस्थानों के एक व्यापक नेटवर्क के माध्यम से देश भर में समाज के सभी वर्गों के लिए कौशल, पुनर्कौशल और कौशलोन्नयन प्रशिक्षण प्रदान करता है। सिम का उद्देश्य भारत के युवाओं को उद्योग और भविष्य के लिए तैयार करने में सक्षम बनाना है।

सिम के तहत, एमएसडीई तमिलनाडु, महाराष्ट्र, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, ओडिशा और असम राज्य सहित देश भर के युवाओं को अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी) के माध्यम से कौशल विकास प्रशिक्षण और पूर्व शिक्षण मान्यता (आरपीएल) के माध्यम से कौशलोन्नयन और पुनर्कौशलीकरण प्रदान करने के लिए वर्ष 2015 से अपनी प्रमुख स्कीम प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) को कार्यान्वित कर रहा है।

पीएमकेवीवाई के तहत, दिनांक 31.12.2023 तक; तमिलनाडु, महाराष्ट्र, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, ओडिशा और असम राज्य में क्रमशः 148, 253, 3, 149 और 247 कुशल भारत केंद्र कार्य कर रहे हैं।

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान पीएमकेवीवाई के अंतर्गत तमिलनाडु, महाराष्ट्र, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, बिहार के गोपालगंज जिले में नामांकित उम्मीदवारों का विवरण अनुबंध I में दिया गया है।

(ग) पीएमकेवीवाई के अंतर्गत, एसटीटी प्रमाणित उम्मीदवारों को नियोजन के अवसर प्रदान किए गए हैं, और पूर्व शिक्षण मान्यता (आरपीएल) में पहले से मौजूद कौशल के प्रमाणीकरण की प्रक्रिया शामिल है। संभावित नियोक्ताओं से जुड़ने के लिए पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत प्रशिक्षित उम्मीदवारों का विवरण स्किल इंडिया डिजिटल पर उपलब्ध कराया गया है। पीएमकेवीवाई के एसटीटी घटक के तहत, वर्ष 2015 से दिनांक 31.12.2023 तक, 24.39 लाख उम्मीदवारों को नियुक्त किया गया है।

(घ) पीएमकेवीवाई के तहत तमिलनाडु, महाराष्ट्र और ओडिशा राज्य में दिनांक 31.12.2023 तक नियोजित किए गए उम्मीदवारों का जेंडर-वार और जिला-वार विवरण अनुबंध II में दिया गया है।

(ङ) और (च) पीएमकेवीवाई 2.0 और पीएमकेवीवाई 3.0 के तहत, तीन माह के नियोजन/स्व-रोजगार अनुवीक्षण का प्रावधान किया गया था जो प्रशिक्षण प्रदाताओं और डीएससी की सहायता से किया गया था। कुल भुगतान की अंतिम किस्त केवल उम्मीदवारों की नियुक्ति सुनिश्चित करने पर प्रशिक्षण प्रदाताओं को संवितरित की गई थी। पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत, प्रशिक्षित उम्मीदवारों को उद्यमशीलता और आजीविका सृजन पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपना करियर पथ चुनने के लिए सशक्त बनाने पर बल देने के लिए नियोजन घटक को कौशल से अलग कर दिया गया है।

हालांकि, रोजगार के अवसरों को सक्षम करने के लिए, स्किल इंडिया डिजिटल (एसआईडी) पोर्टल को वन-स्टॉप मंच के रूप में प्रारम्भ किया गया है जो कौशल, शिक्षा, रोजगार और उद्यमशीलता इकोसिस्टम को एकीकृत करता है ताकि हितधारकों की व्यापक श्रेणी को लक्षित करने वाली सेवाओं की आजीवन श्रृंखला प्रदान की जा सके। संभावित नियोक्ताओं से जुड़ने के लिए प्रशिक्षित उम्मीदवारों का विवरण एसआईडी पोर्टल पर उपलब्ध है। एसआईडी पर उपलब्ध जॉब आदान-प्रदान विकल्प, उम्मीदवारों को उपलब्ध जॉब की खोज करने और तदनुसार आवेदन करने में सक्षम बनाने में सहायता करता है। स्किल इंडिया

डिजिटल के माध्यम से, उम्मीदवारों को जॉब और शिक्षुता के अवसरों तक पहुंच मिल सकती है।

(छ) सरकार ने पीएमकेवीवाई को अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में सफल बनाने के लिए अनेक प्रयास किए हैं। पीएमकेवीवाई 1.0, पीएमकेवीवाई 2.0 और पीएमकेवीवाई 3.0 से प्राप्त अनुभवों के आधार पर, पीएमकेवीवाई 4.0 को कार्यगत प्रशिक्षण (ओजेटी) 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति' (एनईपी) 2020 के अनुसार सामान्य शिक्षा के साथ व्यावसायिक शिक्षा का एकीकरण और मुख्यधारा में लाना; औद्योगिक क्रांति 4.0 के लिए ड्रोन, कृत्रिम मेधा (एआई), इंटरनेट ऑफ थिंग (आईओटी), 3डी प्रिंटिंग, ब्लॉक चेन, मेक्ट्रोनिक्स, रोबोटिक्स जैसे भावी और आधुनिक युग के पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण की पेशकश; राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्थानों, स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, तकनीकी संस्थानों आदि में संसाधनों के परस्पर उपयोग के माध्यम से कौशल विकास के लिए वितरण नेटवर्क का विस्तार करने सहित विभिन्न नए तत्वों के साथ पुनः तैयार किया गया है। सुदूर या वंचित क्षेत्रों में व्यक्तियों के लिए पहुंच संबंधी बाधाओं को स्वीकार करते हुए, पीएमकेवीवाई विशेष रूप से विशेष क्षेत्रों में महिलाओं और दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) जैसे विशेष समूहों के लिए भोजन और आवास के साथ-साथ परिवहन सुविधाएं प्रदान करके पहुंच को बढ़ावा देता है। अनिवार्य रोजगार कौशल मॉड्यूल, कौशलोन्नयन पर ध्यान, उम्मीदवारों का आधार प्रमाणित पंजीकरण, पाठ्यक्रमों की मिश्रित डिलीवरी आदि स्कीम के कुछ अन्य महत्वपूर्ण पहलू हैं। प्रशिक्षण और आकलन की गुणवत्ता में सुधार के लिए योग्य और प्रमाणित प्रशिक्षकों और आकलनकर्ताओं का एक राष्ट्रीय पूल बनाया गया है। रोजगार के अवसरों को सक्षम करने के लिए, स्किल इंडिया डिजिटल (एसआईडी) पोर्टल को वन-स्टॉप मंच के रूप में शुरू किया गया है जो हितधारकों की एक विस्तृत श्रृंखला को लक्षित करने वाली आजीवन सेवाओं की श्रृंखला प्रदान करने के लिए कौशल, शिक्षा, रोजगार और उद्यमशीलता इकोसिस्टम को एकीकृत करता है। स्किल इंडिया डिजिटल के माध्यम से, उम्मीदवारों को जॉब और शिक्षुता के अवसरों तक पहुंच मिल सकती है।

(ज) पीएमकेवीवाई 1.0 और पीएमकेवीवाई 2.0 को वर्ष 2015 से वर्ष 2020 की अवधि के दौरान कार्यान्वित किया गया था। पीएमकेवीवाई 3.0 को वर्ष 2020-21 से वर्ष 2022-23 तक दो घटकों अर्थात केंद्रीय घटक राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के माध्यम से और राज्य घटक राज्य कौशल विकास मिशन के माध्यम से (संबंधित राज्यों के एसएसडीएम) कार्यान्वित किया गया था। पीएमकेवीवाई 4.0 को वर्ष 2022-23 से कार्यान्वित किया जा रहा है और यह एक केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम है। 85.79 करोड़ रुपए विगत दो वर्षों में महाराष्ट्र राज्य में पीएमकेवीवाई के कार्यान्वयन के लिए संवितरित किए गए हैं। इसके अलावा, विगत दो वर्षों अर्थात वर्ष 2021-22 और वर्ष 2022-23 के दौरान महाराष्ट्र राज्य में पीएमकेवीवाई के तहत 54,777 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया है।

**अनुबंध I**

**दिनांक 05.02.2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 401 के उत्तर के भाग (ख) में संदर्भित अनुबंध**

पिछले तीन वर्षों के दौरान पीएमकेवीवाई के तहत तमिलनाडु, महाराष्ट्र, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और बिहार राज्य के गोपालगंज जिले में नामांकित उम्मीदवारों का विवरण

| क्र.सं. | राज्य/जिला | वित्त वर्ष 2020-21 | वित्त वर्ष 2021-22 | वित्त वर्ष 2022-23 |
|---|---|---|---|---|
| | | नामांकित उम्मीदवार | नामांकित उम्मीदवार | नामांकित उम्मीदवार |
| 1 | तमिलनाडु | 6,824 | 34,879 | 15,893 |
| 2 | महाराष्ट्र | 15222 | 49,479 | 17,695 |
| 3 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 147 | 777 | 370 |
| 4 | बिहार का गोपालगंज जिला | 1,310 | 670 | 270 |

31.12.2023 तक पीएमकेवीवाई के तहत तमिलनाडु, महाराष्ट्र और ओडिशा राज्य में नियोजित उम्मीदवारों का जेंडर-वार और जिला-वार ब्योरा

| राज्य | जिला | नियोजित महिला उम्मीदवार | नियोजित पुरूष उम्मीदवार | नियोजित ट्रांसजेंडर उम्मीदवार |
|---|---|---|---|---|
| महाराष्ट्र | अहमदनगर | 2,662 | 2,495 | - |
| | अकोला | 487 | 532 | - |
| | अमरावती | 1,025 | 1,093 | - |
| | औरंगाबाद | 349 | 1,111 | - |
| | बीड | 955 | 937 | - |
| | भंडारा | 645 | 1,420 | - |
| | बुलढाना | 1,091 | 745 | - |
| | चंद्रपुर | 628 | 752 | - |
| | धुले | 1,042 | 891 | - |
| | गडचिरोली | 585 | 1,106 | - |
| | गोंदिया | 2,450 | 1,545 | - |
| | ग्रा. मुंबई | - | - | - |
| | हिंगोली | 421 | 282 | - |
| | जलगांव | 1,292 | 2,728 | - |
| | जलना | 229 | 1,038 | - |
| | कोल्हापुर | 3,724 | 1,678 | - |
| | लातूर | 1,319 | 2,455 | - |
| | मुंबई | 651 | 469 | - |
| | मुंबई उपनगर | 79 | 210 | - |
| | नागपुर | 2,954 | 2,629 | - |
| | नांदेड़ | 233 | 1,006 | - |
| | नंदुरबार | 677 | 942 | - |
| | नासिक | 2,107 | 2,375 | - |
| | उस्मानाबाद | 394 | 662 | - |
| | पालघर | 314 | 667 | - |
| | परभनी | 158 | 522 | - |
| | पुणे | 6,690 | 4,512 | - |
| | रायगढ़ | 111 | 328 | - |
| | रत्नागिरि | 111 | 129 | - |
| | सांगली | 648 | 575 | - |
| | सतारा | 513 | 658 | - |
| | सिंधुदुर्ग | 185 | 330 | - |
| | सोलापुर | 577 | 1,144 | - |
| | थाणे | 1,107 | 2,026 | - |
| | वर्धा | 759 | 612 | - |
| | वाशिम | 192 | 745 | - |
| | यवतमाल | 1,222 | 1,015 | - |
| **महाराष्ट्र योग** | | **38,586** | **42,364** | **-** |
| ओडिशा | अनुगुल | 454 | 495 | - |
| | बलांगीर | 1,685 | 1,901 | - |
| | बालेश्वर | 1,235 | 1,362 | - |
| | बारगढ़ | 463 | 419 | - |
| | भद्रक | 1,020 | 597 | - |
| | बौध | 1,018 | 1,594 | - |
| | कटक | 3,944 | 5,517 | - |
| | देवगढ़ | 118 | 44 | - |
| | ढेंकनाल | 815 | 1,077 | - |
| | गजपति | 341 | 760 | - |
| | गंजम | 3,815 | 4,791 | - |
| | जगतसिंहपुर | 724 | 1,223 | - |
| | जाजापुर | 669 | 774 | 1 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | झारसुगुडा | 198 | 337 | - |
| | कालाहांडी | 849 | 537 | - |
| | कंधमाल | 702 | 539 | - |
| | केंद्रपाड़ा | 438 | 784 | - |
| | केंदुझर | 876 | 506 | - |
| | खोरधा | 5,648 | 4,399 | 1 |
| | कोरापुट | 662 | 1,228 | - |
| | मल्कानगिरी | 546 | 489 | - |
| | मयूरभंज | 530 | 845 | - |
| | नबरंगपुर | 492 | 521 | - |
| | नयागढ़ | 1,130 | 1,654 | - |
| | नुआपाड़ा | 417 | 611 | - |
| | पुरी | 1,336 | 1,234 | - |
| | रायगढ़ | 722 | 1,069 | - |
| | संबलपुर | 266 | 248 | - |
| | सोनेपुर | 496 | 1,137 | - |
| | सुंदरगढ़ | 1,236 | 1,527 | - |
| **ओडिशा योग** | | **32,845** | **38,219** | **2** |
| तमिलनाडु | अरियालूर | 2,843 | 372 | - |
| | चेंगलपट्टू | - | - | - |
| | चेन्नई | 5,539 | 2,860 | - |
| | कोयंबटूर | 7,847 | 2,685 | - |
| | कुड्डालोर | 3,572 | 1,235 | - |
| | धर्मपुरी | 1,870 | 815 | - |
| | डिंडीगुल | 4,277 | 1,534 | - |
| | इरोड | 7,431 | 2,674 | - |
| | कल्लाकुरिची | - | - | - |
| | कांचीपुरम | 4,923 | 1,695 | - |
| | कन्नियाकुमारी | 2,548 | 578 | - |
| | करूर | 3,224 | 401 | - |
| | कृष्णागिरी | 2,324 | 587 | - |
| | मदुरै | 4,343 | 1,164 | - |
| | नागपट्टिनम | 863 | 548 | - |
| | नमक्कल | 9,693 | 2,586 | - |
| | पेरम्बलूर | 4,524 | 933 | - |
| | पुदुक्कोट्टई | 1,742 | 177 | - |
| | रामनाथपुरम | 1,463 | 1,016 | - |
| | रानीपेट | 9 | 10 | - |
| | सलेम | 6,122 | 1,639 | - |
| | शिवगंगा | 2,067 | 954 | - |
| | तंजावुर | 2,708 | 557 | - |
| | नीलगिरी | 948 | 123 | - |
| | थेनी | 3,156 | 1,022 | - |
| | तिरुवल्लुर | 7,493 | 3,015 | - |
| | थिरुवरुर | 1,090 | 134 | - |
| | तिरुचिरापल्ली | 8,067 | 1,474 | - |
| | तिरुनेलवेली | 4,019 | 695 | - |
| | तिरुपथुर | - | - | - |
| | तिरुपूर | 5,678 | 1,461 | 1 |
| | तिरुवन्नामलाई | 2,850 | 1,083 | - |
| | तूतीकोरिन | 2,403 | 779 | - |
| | वेल्लोर | 9,992 | 2,893 | - |
| | विल्लुपुरम | 2,769 | 1,143 | - |
| | विरुधुनगर | 3,963 | 1,133 | - |
| **तमिलनाडु योग** | | **132,360** | **39,975** | **1** |

******